समाचार

# आयुक्त ने इमलीडुग्गू स्लम बस्ती की सकरी गलियों में भ्रमण कर सफाई कार्यो का लिया जायजा

**(बस्तीवासियों से निगम की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सहित विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा, निराकरण के दिए निर्देश)**




कोरबा 11 सितम्बर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज कोरबा जोनांतर्गत स्थित इमलीडुग्गू स्लम बस्ती व उसके विभिन्न मोहल्लों की सकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर निगम के साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया, उन्होने निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य जा री रखने एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गौमाता चौक व कोरबा पुराने शहर स्थित इतवारी बाजार का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न जोनांतर्गत स्थित वार्डो व बस्तियों का औचक दौरा कर वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट तथा सड़क, नाली सहित अन्य व्यवस्थाओं व समस्याओं का निरीक्षण करते हुए उनके त्वरित निराकरण व समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश नियमित रूप से अधिकारियों को दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज गुरूवार को आयुक्त श्री पाण्डेय कोरबा जोन स्थित इमलीडुग्गू स्लम बस्ती पहुंचे, उन्होने बस्ती के विभिन्न मोहल्लों की अंदरूनी व सकरी सड़कों का पैदल भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया, इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि साफ–सफाई से जुड़े कार्यो में किसी प्रकार की उदासीनता न बरती जाए तथा निर्धारित मानदण्डो के अनुरूप सफाई कार्य किए जाएं, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर

आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से निगम के साफ–सफाई कार्यो की जानकारी ली तथा पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली आदि से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गौमाता चौक पहुंचकर वहॉ पर किए गए वृक्षारोपण कार्य के दौरान रोपित पौधों का अवलोकन किया एवं पौधों के संरक्षण व संवर्धन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**सड़क पर नहीं, बाजार में लगाए सब्जी दुकान** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पुराने कोरबा शहर के इतवारी बाजार पहुंचे, उन्होने बाजार का भ्रमण कर वहॉ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साफ–सफाई व बाजार की स्वच्छता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के किनारे सब्जी की दुकानें लगने से आवागमन बाधित हो रहा है, अतः सड़कों पर लगने वाले सब्जी दुकानों को बाजार में विस्थापित कराएं ताकि यातायात सुगम हो सके व आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हों। उन्होने सड़कों पर सब्जी की दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं से भी अपील की कि वे अपनी दुकानों को इतवारी बाजार के अंदर लगाएं, सब्जी दुकानें सड़कों पर न लगें, इससे आवागमन बाधित होता है, दुर्घटना की संभावना भी बनती है तथा आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी होती है।

**निगम ने राताखार नदी किनारे से हटाया अतिक्रमण** – नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 04 अंतर्गत राताखार नदी किनारे स्थित कब्रिस्तान के पास कतिपय लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा था, बांस बल्ली व तिरपाल आदि के माध्यम से घर का स्वरूप दिया गया था, साथ ही अवैध कब्जा करने की नियत से साड़ी, रस्सी इत्यादि का घेरा बना लिया गया था, इसकी जानकारी प्राप्त होते ही आज निगम के अतिक्रमण दस्ते व परिवहन नगर जोन के स्टाफ ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त सभी अतिक्रमणों को स्थल से हटा दिया गया है।